संख्या- 23/2015/108/22-4-15-131(ब)/99

प्रेषक,

आर0 के0 द्विवेदी
उप सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं
उ0प्र0, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं अनुभाग 4 लखनऊ दिनांक- 29 जनवरी, 2015

विषय- जिला कारागार, बलरामपुर के निर्माण हेतु प्रदान की गयी प्रशासकीय/वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष धनराशि की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या- 1684/नम-3/80/वैल्यूम-।।।, दिनांक- 20 जनवरी, 2015 के सन्दर्भ में तथा शासनादेश संख्या-1349/22-4-2014-131(ब)/99, दिनांक-26.11.2014 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जिला कारागार, बलरामपुर के निर्माण हेतु स्वीकृत पुनरीक्षित लागत रू0 2164.42 लाख के सापेक्ष चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 में धनराशि रू0 1,36,14,000/-(एक करोड छत्तीस लाख चौदह हजार मात्र) प्रशासकीय/वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रदान करते हैं :-

(1) लेबर सेस की धनराशि का भुगतान श्रम विभाग को किया जायेगा।

(2) स्वीकृत धनराशि बैंक खाता/पी0एल0ए0 में नहीं रखी जायेगी।

(3) स्वीकृत धनराशि का उपयोग दिनांक 31.03.2015 तक प्रत्येक दशा में कर लिया जाय।

2- प्रायोजना की मूल स्वीकृति विषयक शासनादेश दिनांक 09.12.2011 एवं दिनांक 26.11.2014 में उल्लिखित शर्तें यथावत लागू रहेंगी।

3- प्रश्नगत परियोजना की कुल पुनरीक्षित स्वीकृत लागत रू0 2164.42 लाख के सापेक्ष रोकी गयी 05 प्रतिशत धनराशि अर्थात रू0 108.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति जिलाधिकारी, बलरामपुर की निरीक्षण आख्या दिनांक 04.03.2014 में इंगित कमियों का निराकरण होने एवं कार्य की गुणवत्ता/उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त होने के उपरान्त निर्गत की जायेगी।

4- इस निमित्त होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-25 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "4070-अन्य प्रशासनिक सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय-800-अन्य व्यय-08-कारागार का निर्माण-24-वृहत् निर्माण कार्य" के अन्तर्गत उपलब्ध प्रावधान से वहन किया जायेगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-बी-1-2457/दस-2014-231/2014, दिनांक 22.07.2014 में प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(आर0के0द्विवेदी)
उप सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-23/2015/108 (1)/22-4-15-तददिनांकित-

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

(1) प्रधान महालेखाकार(सिविल आडिट) उ0प्र0, इलाहाबाद।

(2) महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) उ0प्र0, इलाहाबाद।

(3) प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, लखनऊ।

(4) जिलाधिकारी, बलरामपुर।

(5) मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

(6) निदेशक, वित्तीय सांख्किीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।

(7) वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-12/वित्त (आय- व्ययक) अनुभाग-1/2

(8) गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(आर0के0द्विवेदी)
उप सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in